बिहार सरकार
<u>ऊर्जा विभाग</u>

पत्रांक–प्र० / BSP(H)CL–06 / 2018 पटना, दिनांक–

सेवा में,

**महालेखाकार (लेखा एवं हक),**
बिहार, वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

विषयः **विद्युत भवन परिसर में विद्युत भवन–3 के निर्माण हेतु 84.73 करोड़ (चौरासी करोड़ तिहत्तर लाख) रूपये की स्वीकृत योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2019–20 में तत्काल 55.00 करोड़ (पचपन करोड़) रूपये बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध मे।**

<u>आदेश–स्वीकृत।</u>

विभागीय राज्यादेश संख्या–512 दिनांक–21.02.2019 के द्वारा विद्युत भवन परिसर में विद्युत भवन–3 के निर्माण हेतु 84.73 करोड़ (चौरासी करोड़ तिहत्तर लाख) रूपये की नयी योजना की स्वीकृति तथा इसके कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2018–19 में 25.00 करोड़ (पच्चीस करोड़) रूपये बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 द्वारा इस योजना के कार्यान्वयन हेतु पूर्व में उपलब्ध कराये गये राशि में 25.00 करोड़ (पच्चीस करोड़) रूपये के अतिरिक्त अवशेष राशि 59.76 करोड़ रूपये की मांग की गयी है, जिसे उपलब्ध कराया जाना है।

2. उक्त आलोक में विद्युत भवन परिसर में विद्युत भवन–3 के निर्माण हेतु 84.73 करोड़ (चौरासी करोड़ तिहत्तर लाख) रूपये की स्वीकृत योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2019–20 में तत्काल 55.00 करोड़ (पचपन करोड़) रूपये बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. उक्त राशि माँग सं0–10, मुख्य शीर्ष 4801–बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय–उप मुख्य शीर्ष–05 संचरण तथा वितरण, लघु शीर्ष–190– सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश, उपशीर्ष–0111–बिहार स्टेट पावर (हो0) कम्पनी लि0 की परियोजना, विपत्र कोड–10–4801051900111 विषय शीर्ष 5401–निवेश के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019–20 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

4. इस राशि की निकासी उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से कर बिहार स्टेट पावर (हो0) कंपनी लि0 के व्यक्तिगत लेखा खाता (पी०एल० खाता) के मुख्य शीर्ष 8448–स्थानीय निधियों की जमा, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–120–अन्य निधियाँ, उपशीर्ष–0046–बिहार स्टेट पावर (हो0) कंपनी लि0, व्यय शीर्ष–L8448001200046 एवं प्राप्तियाँ–K–8448001200046 में जमा की जाएगी।

5. बिहार स्टेट पावर (हो0) कंपनी लि0 द्वारा राशि की निकासी कोषागार में खोले गए पी०एल० खाता संख्या PLA274/CFMS खाता संख्या–PTSPLA0016 से की जाएगी।

6. **वित्त विभाग के परिपत्र संख्या 7355 दिनांक** 05.10.2007 के अनुसार इसमें महालेखाकार, **बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की** आवश्यकता नहीं है।

7. **उक्त योजना की स्वीकृति** हेतु मंत्रिपरिषद का अनुमोदन संचिका संख्या–प्र०/**BSP(H)CL–06/2018 के पृष्ठ संख्या**–09/टि0 पर दिनांक–12.02.2019 को प्राप्त है।

8. राज्यादेश पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–प्र०/BSP(H)CL–06/2018 के पृष्ठ संख्या–16/टि0 पर दिनांक–03.02.2020 को प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/–
**(प्रत्यय अमृत)**
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–प्र०/BSP(H)CL–06/2018 /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–महालेखाकार(लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**सरकार के प्रधान सचिव।**

ज्ञापांक–प्र०/BSP(H)CL–06/2018 266 /पटना, दिनांक– 04/02/2020

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग, बजट शाखा/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, बिहार, पटना/बजट शाखा, ऊर्जा विभाग, पटना/उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, पटना/लेखा शाखा, ऊर्जा विभाग (तीन प्रतियों में), पटना/आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, पटना/अध्यक्ष–सह–प्रबन्ध निदेशक, बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0/प्रबंध निदेशक, साउथ **बिहार** पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के प्रधान सचिव।